हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–227 : जौनपुर, शनिवार 13 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपीपीसीएस : परीक्षा केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं

वाराणसी ब्यूरो : यूपीपीसीएस की परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी और बिना जांच–पड़ताल व आईडी के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन और जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में 14 मई को होने वाली यूपीपीसीएस परीक्षा के लिए बैठक की। परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण और नकल विहीन कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि परीक्षा केंद्रों के दो सौ मीटर की परिधि में फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहें। केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ इकट्ठा नहीं होनी चाहिए। थानाध्यक्ष अपने–अपने क्षेत्र में भ्रमण कर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि डबल लॉक से परीक्षा केंद्रों तक कड़ी सुरक्षा में पेपर पहुंचे। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करते समय और परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक कड़ी निगरानी रखें। किसी भी दशा में कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में नहीं प्रयोग होना चाहिए। परीक्षार्थियों की आईडी




से सही परीक्षार्थी की पहचान कक्ष निरीक्षक करेंगे। परीक्षा केंद्रों से किसी भी तरह पेपर लीक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पुरुष परीक्षार्थियों की तलाशी पुरुष निरीक्षक तथा महिलाओं की तलाशी महिला निरीक्षक लेंगे। परीक्षा केंद्रों के सभी सीसीटीवी कैमरे सक्रिय होने चाहिए और परीक्षा के दौरान किसी का प्रवेश वर्जित रहेगा।

## सीएचसी और जिला अस्पताल में बनाए जा सकते है कोरोनरी केयर यूनिट

वाराणसी ब्यूरो : जिले में हार्ट अटैक से होने वाली मौत को रोकने के लिए जिला अस्पताल और सीएचसी में कोरोनरी केयर यूनिट बनाने का फैसला लिया गया है। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है। सीएमओ डॉ. संदीप सिंह ने बीएचयू के हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. धर्मेंद्र जैन के साथ अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमओ ने बताया कि कोरोनरी केयर यूनिट बनने के बाद हार्ट अटैक के मरीजों को प्राथमिक इलाज तुरंत मिल जाएगा। मरीज आते ही सबसे पहले ईसीजी और इको किया जाएगा। यह रिपोर्ट रेफरल अस्पताल में बैठे कार्डियोलॉजिस्ट को भेजी जाएगी। वह देखकर बताएंगे कि मरीज को हार्ट अटैक आया है या नहीं। हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज को थ्रंबोलाइसिस थैरेपी यानी खून के थक्के खत्म करने की प्रक्रिया की जाएगी। इससे मरीज को 20 से 24 घंटे का समय मिल जाएगा। जरूरत पड़ने पर मरीज को दूसरे अस्पताल में रेफर किया जाएगा। आईसीएमआर के सहयोग से चल रहा प्रोजेक्ट सीएमओ के मुताबिक आईसीएमआर के सहयोग से स्पोक एंड हब मॉडल प्रोजेक्ट प्रदेश में सबसे पहले वाराणसी में शुरू किया जा रहा है। बीएचयू को हब सेंटर बनाया गया है। जहां हार्ट अटैक के मरीजों को टेली कंसल्टेंसी के जरिये सम्पूर्ण उपचार व परामर्श दिया जाएगा। सभी जिला चिकित्सालयों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को स्पोक सेंटर बनाया गया है। जहां अचानक से सीने



में दर्द होने वाले व्यक्तियों को ईसीजी के साथ–साथ थ्रंबोलाइसिस की सेवा प्रदान की जाएगी। यह सुविधा पूरी तरह से निःशुल्क है। जल्द ही तैयार की जाएगी एप्लीकेशन बीएचयू हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो धर्मेंद्र जैन ने बताया कि आईसीएमआर प्रोजेक्ट के तहत चिकित्सालयों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ईसीजी और थ्रंबोलिसिस की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। अचानक अटैक आने के बाद मरीजों को समय से उपचार मिले तो उसकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि हब सेंटर की वजह से बीएचयू में कार्डियक इंटेंसिव केयर यूनिट (सीआईसीयू) सहित समस्त सुविधाएं मौजूद हैं। जल्द ही एक एप्लीकेशन तैयार की जाएगी जिससे प्रक्रिया और आसान होगी।

## सैंट्रल बैंक के लॉकर में रखे थे रुपये दस्तावेज जेवरात एवं कीमती सामान को खा गये दीमक

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ महानगर में सेंट्रल बैंक बारहद्वारी शाखा में एक वृद्धा के लॉकर में दीमक ने वहां रखी नकदी एवं अन्य सामान को चट कर दिया। वृद्धा ने यह देखा तो उनके होश उड़ गए। आरोप है कि बैंक अफसरों ने शिकायत के बाद भी कार्रवाई करने की बजाए उन्हें टरका दिया। पीड़ित वृद्धा हुए नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर बैंक अफसरों के पास चक्कर काट रही है। शहर की मथुरा नगर निवासी 70 वर्षीय वृद्धा रुक्मणि शर्मा पत्नी स्व. आरपी शर्मा का कहना है कि उनका संेट्रल बैंक बारहद्वारी शाखा में करीब 35 साल से बैंक खाता एवं लॉकर है। आरोप है कि शुक्रवार को वह बैंक शाखा में अपने कुछ जरुरी कागजतों को लेने पहुंची थी। लॉकर खोलते ही उनके होश उड़ गए। जहां उनकी जमा पूंजी के रखे करीब डेढ़ लाख रुपये, दस्तावेज, जेवरात एवं कीमती सामान को दीमक चट कर चुकी थी। उन्होंने इस बारे में बैंक अधिकारियों से शिकायत की तो उन्होंने बहाना



कर टरका दिया। वृद्धा का आरोप है कि यह बैंक की लापरवाही और ठीक से रख रखाव न करने की वजह से हुआ है। जिसकी सुरक्षा के एवज में बैंक उनसे रकम वसूलती है। अपने बेटे प्रभात शर्मा के साथ पीड़ित वृद्धा ने बैंक के शाखा प्रबंधक को आशय की शिकायत कर पूर्ण मुआवजे की मांग कर आरबीआई से भी शिकायत की है।

## 43 साल बाद सामने आया मुरादाबाद में ईद की नमाज के बाद दंगे का सच : बदले 15 सीएम

लखनऊ ब्यूरो : 43 साल पहले मुरादाबाद जिले में ईद की नमाज के बाद भड़के दंगे का सच अब सामने आएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट ने मुरादाबाद दंगे की एक सदस्यीय न्यायिक जांच की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, मुरादाबाद के डॉ. शमीम अहमद खान इस दंगे का सूत्रधार था। उसने वाल्मीकि समाज, सिख और पंजाबी समाज को फंसाने के लिए 13 अगस्त 1980 को ईद की नमाज के समय पथराव और हंगामा कराया गया था। इसका मकसद राजनीतिक लाभ हासिल करना था। हैरानी की बात यह है कि 1980 से लेकर 2017 के दरम्यान किसी भी दल की सरकार इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। वित्त मंत्री ने कहा कि जांच आयोग की रिपोर्ट गोपनीय है, उसे अभी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। राज्य सरकार अब इस रिपोर्ट को सदन में रखेगी, जिसके बाद दंगे का पूरा सच सामने आ सकता है। बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री वीपी सिंह ने दंगे की जांच के लिए एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया था। इस आयोग की रिपोर्ट को 40 साल बाद शुक्रवार को कैबिनेट में प्रस्तुत किया गया। कैबिनेट से अनुमोदन के बाद अब रिपोर्ट विधानमंडल में पेश की जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि करीब 40 साल पहले शासन में रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बाद भी पूर्ववर्ती सरकारों ने रिपोर्ट को कैबिनेट एवं सदन के पटल पर रखने की अनुमति नहीं दी। उल्लेखनीय है कि 1980 से अब तक प्रदेश में 15 मुख्यमंत्री बने, लेकिन कोई भी इस रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखने की हिम्मत नहीं जुटा सका। 83 लोग दंगे में मारे गए मुरादाबाद में 13 अगस्त 1980 को ईद की नमाज के समय पथराव और हंगामा हुआ था। इसके बाद सांप्रदायिक हिंसा भड़कने से 83 लोग मारे गए थे और 112 लोग घायल हुए थे। मामले की जांच के लिए गठित आयोग ने अपनी रिपोर्ट 20 नवंबर 1983 को शासन को सौंपी थी। सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया था कि मुस्लिम लीग के डॉ. शमीम अहमद खां और उनके समर्थकों ने वाल्मीकि समाज, सिख और पंजाबी समाज के लोगों को फंसाने के लिए अपने समर्थकों के साथ घटना को अंजाम दिया था। मुख्यमंत्री वीपी सिंह ने गठित किया था आयोग तत्कालीन मुख्यमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एमपी सक्सेना की अध्यक्षता में दंगे की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया था। आयोग की रिपोर्ट आने के 43 साल बीतने के बाद भी किसी भी आरोपी पर कार्रवाई नहीं की जा सकी। उस दौरान दंगे में मरने वाले लोगों की संख्या 250 से अधिक बताई गई, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। दरअसल दो समुदायों के बीच हिंसा भड़ने के बाद पुलिस को गोलियां चलानी पड़ी जिससे कई लोग मारे गए। इसके बाद मुरादाबाद में करीब एक माह तक कर्फ्यू लगा रहा। आयोग ने डॉ. शमीम को पाया था दोषी आयोग ने मुस्लिम लीग के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शमीम अहमद खान, उनके कुछ समर्थकों और दो अन्य मुस्लिम नेताओं को दंगा भड़काने का दोषी पाया था। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में भाजपा या आरएसएस जैसे हिंदू संगठनों के हिंसा भड़काने में कोई भूमिका के प्रमाण नहीं मिलने की बात कही थी। आयोग ने पीएसी, पुलिस और जिला प्रशासन को भी आरोपों से मुक्त कर दिया था। आयोग ने जांच में पाया कि ज्यादातर मौतें पुलिस फायरिंग में नहीं, बल्कि भगदड़ से हुई थी। रिपोर्ट में ये भी जिक्र किया गय था कि सियासी दल मुसलमानों को वोट बैंक के रूप में न देखें। सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के दोषी पाए जाने वाले किसी भी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## ओवर चार्जिंग से ई–रिक्शा की फटी बैटरीं : मां–बेटे व भतीजी की मौत : तीन लोग घायल

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के बीबीडी के जुग्गौर स्थित निवाजपुरवा में ई–रिक्शा की बैटरी तेज धमाके के साथ फटने से मां रोली (25), बेटे कुंज (3) और भतीजी रिया (9) की मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह चार बजे हुआ। बैटरी के फटने से कमरे में सो रहे परिवार के पांच लोगों पर तेजाब पड़ गया। जिसके कारण सभी गंभीर रूप से झुलस गए। दो मासूमों में दो साल के समर व सात साल की प्रिया की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं बचाने में एक लड़का अंकित भी झुलसा है। हालांकि उसे अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं परिवारीजन पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए बाराबंकी लेकर चले गए। मूलरूप से बाराबंकी के गोसाइनपुरवा मोहम्मदपुर खाला निवासी अंकित बीबीडी इलाके के निवाजपुरवा, जुग्गौर में परिवार सहित रहता है। अंकित पेशे से ई–रिक्शा चलाता है। अंकित के भाई अंशु के मुताबिक, गोंडा में रिश्तेदारी में एक शादी समारोह का आयोजन था। जिसमें शामिल होने उसे जाना था। वह बाराबंकी से अपने परिवार के साथ लखनऊ आया। भाई अंकित के पास उसने अपनी दोनों बेटियों रिया और प्रिया को छोड़ दिया। इसके बाद बेटे युवराज व पत्नी रेखा के साथ नौ मई को गोंडा चला गया। गुरुवार को उसे हादसे की सूचना मिली। अंशु ने बताया कि अंकित के परिवार में पत्नी रोली, दो बेटे कुंज व समर हैं। सुबह चार बजे तेज धमाके के साथ फटी बैटरी अंशु के मुताबिक, अंकित बुधवार रात को ई–रिक्शा लेकर घर पहुंचा। वह ई–रिक्शे के लिए दो बैटरियां ले रखी है। एक पहले से ही कमरे में था। दूसरी बुधवार रात को पहुंचने के बाद ई–रिक्शे से निकालकर कमरे में रख दिया। बृहस्पतिवार सुबह चार बजे अंकित जगा और बाथरुम चला गया। इतनी देर में तेज धमाका हुआ। वह भागकर कमरे में पहुंचा तो वहां सो रहे सभी परिजन तड़प रहे थे। दोनों बैटरियां फट गई थी। आननफानन वह सभी को लेकर चिनहट स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां रोली, रिया और कुंज ने



दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने समर व प्रिया की हालत गंभीर बताई, वहीं अंकित को खतरे से बाहर बताया है। मासूमों को तड़पता देख चीखा पिता अंकित जब कमरे में पहुंचा तो वहां का मंजर देख वह चीख पड़ा। मासूम तेजाब से झुलसे चीख रहे थे। पत्नी भी बचाने के लिए पुकार रही थी। अंकित को कुछ देर तक यह समझ ही नहीं आ रहा था कि क्या करे। वह अपने बेटों व भतीजियों की हालत देख चीखने लगा। आसपास के लोगों ने बताया कि अचानक सुबह के समय चीखपुकार सुनकर सभी की नींद खुल गई। सभी अंकित की घर की तरफ भागे। वहां कमरे की हालत देखकर सभी की आंखों में आंसू आ गया। ओवर चार्जिंग के कारण हादसा प्रभारी निरीक्षक बीबीडी विनय कुमार सरोज के मुताबिक हादसे की सूचना मिलने पर टीम ने पड़ताल की। शुरूआती पड़ताल में सामने आया कि दोनों बैटरियों को चार्जिंग के लिए लगाया गया। जरूरत से अधिक चार्जिंग के कारण हादसा हुआ। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। दो दिन में इलाज में खर्च हो गए चार लाख अंशु के मुताबिक हादसे की सूचना मिलने पर जब वह पहुंचा तो चार मासूमों व भाई की पत्नी की हालत देखकर कलेजा फट गया। इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। लगातार रुपये की जरुरतों ने तोड़ दिया। दो दिन में उसे छह लोगों के इलाज के लिए चार लाख रुपये खर्च करने पड़े। अंशु को इलाज में रुपये खर्च होने से ज्यादा मासूम बच्चों को न बचा पाने का दर्द साफ दिख रहा था। वहीं दो मासूम बच्चों प्रिया व समर की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज चल रहा है।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## संगठन से निष्कासित किए गए पदाधिकारी

अमेठी ब्यूरो : संगठन विरोधी गतिविधि अपनाने वाले भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कई पदाधिकारियों को संगठन से बाहर कर दिया गया है। संगठन की जिला युवा इकाई को भंग कर दिया गया है। हालांकि इसके अध्यक्ष को उनके पद पर बनाए रखा गया है।भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सियाराम वैश्य की ओर से शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। जिसमें कहा गया है कि संगठन के प्रदेश प्रभारी / जिलाध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि की संस्तुति पर संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए गए कई पदाधिकारियों को संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। संगठन से जिन लोगों को बाहर किया गया है उनमें जिला संगठन मंत्री संदीप मिश्र, जिला प्रभारी युवा राहुल लोहिया, जिला महामंत्री युवा हिमांशु अग्रवाल, जिला संगठन महामंत्री युवा हिमांशु अग्रहरि, जिला कोषाध्यक्ष युवा संजीव जायसवाल, जिला सचिव युवा सवीन श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष युवा महेश सोनी, नगर महामंत्री युवा कमल अग्रहरि, नगर उपाध्यक्ष युवा संदीप अग्रहरि शामिल हैं। इसके साथ ही जिला युवा इकाई के जिलाध्यक्ष सोनू यज्ञसैनी के अतिरिक्त संपूर्ण कार्यकरिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया गया है। इधर, निष्कासित पदाधिकारियों ने कार्रवाई को गलत बताया है। कहा कि उन पर कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। कहा कि हम लोग भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े थे न कि किसी राजनीतिक पार्टी से। व्यापार मंडल अराजनैतिक संगठन होता है। किसी भी राजनैतिक पार्टी की हम लोग के पास सदस्यता नहीं है।

## ये तो एक कड़ी है : अपने लक्ष्य को अभी आगे और बढ़ाना है –रिषित मिश्रा




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रिषित मिश्रा जो कि टेण्डर हार्ट स्कूल, कुर्सी रोड, लखनऊ के कक्षा 10 के विद्यार्थी हैं, सी0बी0एस0ई0 बोर्ड की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर अपने स्कूल एवं माता–पिता को गौरान्वित किया है। रिषित ने बताया कि सतत मेहनत एवं माता–पिता के आशीर्वाद से इस लक्ष्य को पाना मेरे लिए आसान हो गया। रिषित ने यह भी बताया कि ये तो एक कड़ी है, अपने लक्ष्य को अभी आगे और बढ़ाना है तांकि समाज एवं देश सेवा कर सके।

## प्रेक्षक ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण : भाजपा उम्मीदवार बसपा से चल रहे थे आगे

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : प्रेक्षक मनोज कुमार सिंह के द्वारा टी०डी० इंटर कालेज में बने मतगणना स्थल एवं जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा तथा पुलिस अधीक्षक डॉ० अजयपाल शर्मा ने आज नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 की मतगणना सकुशल, शांतिपूर्ण से सम्पन्न कराने हेतु की स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज मड़ियाहूं, बिहारी महिला



महाविद्यालय मछलीशहर, सल्तनत बहादुर पी०जी० कॉलेज बदलापुर, शाहगंज मंडी एवं पब्लिक इंटर कालेज केराकत में मतगणना स्थल निरीक्षण कर मतगणना कार्य का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों से कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मतगणना शांतिपूर्ण, निष्पक्ष संपादित कराएं किसी भी प्रत्याशी को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक देहात शैलेंद्र सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। खबर लिखे जानें तक नगर निकाय चुनाव में नगर पालिका परिषद जौनपुर के अध्यक्ष पद प्रत्याशी निर्वतमान अध्यक्ष श्रीमती माया टण्डन बहुजन समाज पार्टी से भाजपा उम्मीदवार श्रीमती मनोरमा अपनें निकटतम बसपा उम्मीदवार से 8899 मतों से आगे चल रही थी। मतगणना का कार्य जारी रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

शान्ति की शुरुआत हमेंशा मुस्कुराहट के साथ होती है।

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# कुर्सी की कवायद

जैसा कि हर चुनाव के बाद होता है, हारी हुई पार्टी इस कोशिश में रहती है कि कैसे जीती हुई पार्टी की खेमेबाजी और कुर्सी की जंग को हवा दी जाए, कर्नाटक में भी वैसा ही हो रहा है। इसमें सबके लिए रोल मॉडल बने हुए हैं सचिन पायलट जिन्होंने राजस्थान में अपनी ही सरकार के खिलाफ लंबे समय से मोर्चा खोल रखा है। कर्नाटक में भी यही कोशिश शुरु से हो रही है कि प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार और विपक्ष के नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बीच कैसे दरार पैदा की जाए, कैसे मुख्यमंत्री को लेकर इनकी महत्वाकांक्षाओं को सतह पर लाया जाए। 63 साल के डी के शिवकुमार जिस तरह भावुक हुए और जिस तरह उन्होंने सिद्धारमैया समेत केन्द्रीय नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया, उसे महसूस किया जाना चाहिए।

75 साल के सिद्धारमैया की डीके शिवकुमार इज्जत भी करते हैं और उनकी सरकार में उद्योग मंत्री भी रह चुके हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री की जंग को लेकर जिस तरह की बातें की जा रही हैं, उसे कांग्रेस नेतृत्व बहुत ही संजीदगी के साथ देख और समझ रहा है। भाजपा की तरफ से यह प्रचारित किया जा रहा है कि कांग्रेस अपने विधायकों को बचाने के लिए पंचतारा होटल बुक कर रही है और अभी कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी और बढ़ने वाली है, वगैरह वगैरह। लेकिन वह ये भूल गए हैं कि कांग्रेस ने जिस तरह अपनी खोई जमीन वापस ली है और जिस तरह राहुल गांधी ने सबको जोड़ने की मुहिम छेड़ी है, उसका बहुत गहरा असर हुआ है। बेशक यह असर फिलहाल राजस्थान में नहीं दिख रहा हो, लेकिन कर्नाटक और राजस्थान में बहुत फर्क है।

कांग्रेस इस बार प्रचंड बहुमत से जीतकर आई है और इस बार उसे किसी सहारे की जरूरत नहीं है, इसलिए मुख्यमंत्री के सवाल पर बहुत टकराव होने की संभावना कम ही नजर आ रही है। माना यही जा रहा है कि दोनों ही बड़े दावेदारों को पार्टी आलाकमान नाखुश नहीं करेगा। इस फार्मूले की पूरी संभावना है कि सिद्धारमैया को उनके अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर प्रदेश की कमान सौंपी जा सकती है, साथ ही डी के शिवकुमार को उप मुख्यमंत्री और सिद्धारमैया के सबसे विश्वस्त कमांडर के तौर पर रखा जा सकता है। अभी बेशक इस बारे में खुलकर कोई नहीं बोल सकता क्योंकि अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान और खासकर अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को करना है तो जाहिर है इसपर मुहर विधायक दल की बैठक में ही लगेगी।

दरअसल कांग्रेस के लिए कर्नाटक की जीत के कई मायने हैं। इसे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर मानिए या फिर कर्नाटक के ही सबसे वरिष्ठ जमीनी नेता मल्लिकार्जुन खरगे को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने का नतीजा, सबसे बड़ी बात ये सामने आई कि यहां की जनता ने यह साबित कर दिया कि अब उन राज्यों में मोदी मैजिक का असर नहीं हो रहा जहां स्थानीय मुद्दे या फिर जनता से जुड़े बड़े सवाल मायने रखते हैं। वहां धार्मिक या कथित तौर पर हिन्दू राष्ट्रवाद का फार्मूला भी नाकाम साबित होता है। किसी भी मुद्दे का ओवरडोज जनता शायद पचा नहीं पा रही है। इतने के बावजूद तमाम चौनलों पर भाजपा के नेतागण यह मानने को तैयार नहीं हैं कि उनकी नैतिक हार हुई है, वह बार बार यही कह रहे हैं कि उनकी वजह से ही कांग्रेस के विचारधारा का भगवाकरण हुआ है, राम और हनुमान में आस्था बढ़ी है, पूजा पाठ और मंदिरों की तरफ उनका झुकाव हुआ है और यही भाजपा के विचारधारा की जीत है। इस बेबुनियाद तर्क से वे साबित करने की कोशिश कर रहे हैं कि संघ, जनसंघ या भाजपा से पहले भगवान में किसी की आस्था नहीं थी, कोई मंदिर नहीं जाता था या कोई पूजा पाठ नहीं करता था। जनता ने इस कुतर्क को हिमाचल में भी ठुकराया और अब कर्नाटक में तो जो नतीजे आए, सबके सामने है।

दरअसल राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी के बाद जिस तरह भाजपा बौखलाई और जिस तरह बेहद सोची समझी रणनीति के तहत राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस के तमाम नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई और तमाम जांच एजेंसियों से कार्रवाई करवाई गई, उसे कर्नाटक की जनता ने बुरी तरह नकार दिया। केन्द्र की मंशा पर सीधे सवाल खड़े कर दिए। जिस तरह राहुल गांधी ने बहुत ही संजीदा तरीके से अपनी यात्रा के दौरान मोहब्बत का पैगाम दिया और नफरत की राजनीति के खिलाफ भाजपा को बेनकाब किया, उसका असर भी इन चुनाव नतीजों में साफ नजर आया।

कर्नाटक में भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम कद्दावर नेताओं और केन्द्र की पूरी ताकत झोंक दी थी। उसके मुकाबले वहां राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी या मल्लिकार्जुन खरगे की बहुत ही कम सभाएं हुईं, लेकिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार, वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और तमाम स्थानीय नेताओं ने जमीनी स्तर पर जो काम किया, उसका असर साफ दिखा। जिस तरह पिछली बार सरकार बनाकर भी भाजपा के ऑपरेशन लोटस की वजह से सत्ता गंवा देने वाली कांग्रेस भीतर ही भीतर आहत थी, उसकी नाराजगी जनता में भी साफ थी। जिस तरह बोम्मई सरकार लगातार भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रही और जनता के मुद्दों को नजरअंदाज करती रही, जनता के उन जख्मों पर मोदी जी के बजरंगबली भी मरहम नहीं लगा पाए।

खरगे की नेतृत्व क्षमता पर कर्नाटक की जनता ने लगाई मुहर

नेतृत्व को लेकर बरसों से जिस तरह कांग्रेस पशोपेश और संकट में घिरी रही, आखिरकार मल्लिकार्जुन खरगे को 19 अक्टूबर 2022 को यह कमान सौंपी गई। इस बारे में सबसे पहले अमर उजाला ने 27 सितंबर को ही खबर दे दी थी कि खरगे कांग्रेस के अध्यक्ष बन सकते हैं। 80 साल के खरगे के अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी में नए उत्साह और ऊर्जा के साथ आगे की रणनीतियां बनने लगीं। हालांकि राहुल गांधी ने 7 सितंबर से ही अपनी भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से शुरु कर दी थी। केरल के बाद पहला बड़ा पड़ाव कर्नाटक था। जहां राहुल गांधी ने 21 दिनों तक करीब सवा पांच सौ किलोमीटर और आठ अहम जिलों में अपनी यात्रा के दौरान तमाम लोगों के बीच जाकर वहां की समस्याएं सुनीं और मोहब्बत का पैगाम दिया।

जाहिर है इसके तुरंत बाद खरगे को पार्टी की कमान मिली और फिर इस यात्रा ने 30 जनवरी तक 12 राज्यों में अपना असर दिखाया। नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में जिस तरह हिमाचल में कांग्रेस को बड़ी कामयाबी मिली, उससे साफ हो गया कि खरगे के अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी में नई ऊर्जा आई है। अपने गृह राज्य कर्नाटक में चुनाव जीतना खरगे के लिए एक बड़ी चुनौती थी और आखिरकार वहां भाजपा ने असल मुद्दों को दरकिनार कर धार्मिक ध्रुवीकरण की जो कोशिश की उससे खरगे और कांग्रेस को और फायदा पहुंचा। साथ ही कांग्रेस नेताओं पर इसी दौरान की गई कार्रवाइयों ने भी भाजपा के प्रति लोगों के आक्रोश को बढ़ाया और खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस की जमीन मजबूत हुई। जाहिर है अब खरगे के सामने राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे अहम राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की बड़ी चुनौती है। और उसके बाद सबसे बड़ी चुनौती तो 2024 है ही।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज सीबीएसई कक्षा– 10 एवं 12 के परीक्षा परिणाम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सीबीएसई कक्षा– 10 एवं 12, वर्ष 2022–23 के परीक्षा परिणाम जारी किये गये। जिसमें लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के दसवीं में 176 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व बारहवीं में 113 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा–10 में एलपीसी, गोमती नगर ब्रांच के राज द्विवेदी ने 97.80 प्रतिशत, वेदान्त वर्मा 97.40 प्रतिशत एवं वृन्दावन योजना शाखा की आकांक्षा तिवारी ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा–12 में एलपीएस, वृन्दावन योजना शाखा की मान्या उपाध्याय ने 97.20 प्रतिशत, गोमती नगर शाखा की काव्या शाह ने 96 प्रतिशत एवं सक्षम श्रीवास्तव ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। इस अवसर पर



संस्था के डायरेक्टर हर्षित सिंह ने सीबीएसई कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि, "बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के तरीकों को नियमित रूप से सीखने की जरूरत है क्योंकि शिक्षा की रोशनी ही सफलता की दास्तान लिखती है। बच्चों को आने वाले समय के हिसाब से खुद को तैयार करना होगा।

## "बारहवीं की अनुष्का ने 96.4% और दसवीं की अनुष्का ने 96.2% अंको से मारी बाजी"

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सी.बी.एस.ई बोर्ड परीक्षा 2022 –23 के दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा होते ही छात्रों की शत प्रतिशत आशातीत सफलता से सेठ एम. आर. जयपुरिया गोयल कैम्पस में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। बारहवीं में अनुष्का जायसवाल (विज्ञान वर्ग ) 96.4% ,अभय सिंह यादव( मानविकी)95% ,प्रांशु अग्रवाल (वाणिज्य ) 94.2% ने सबसे अधिक अंक अर्जित किए। इनके अलावा याना ताजदार( वाणिज्य) 93%, नीलांशी गुप्ता (विज्ञान) 93%, ताशू सिंह (मानविकी )93,% प्रिया सोनकर (मानविकी) 92.2 % आस्था सिंह (विज्ञान)89.2 % श्रेया सिंह (मानविकी), 89% अनामिका यादव (वाणिज्य)87.2%, अदीब राशिद (विज्ञान)86%, कुलसुम खान (वाणिज्य )87.2%,ओजस्वी पटेल (वाणिज्य )86.4% , प्रखर सिंह (वाणिज्य) 86% मुस्कान सिंह( मानविकी )84% रीतेश पांडे (विज्ञान) 83.2%आराध्या पाण्डेय (विज्ञान )83 %अंक अर्जित करके चेयरमैन श्री महेश अग्रवाल और प्रधानाचार्या डॉ श्रीमती रीना पाठक को गौरांवित करते हुए विद्यालय के सम्मान को बढ़ाया।सफलता की इसी परंपरा का निर्वाह वर्ष 2022–23 दसवीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों ने भी किया। जिसमें अनुष्का ने सर्वाधिक96.2% महक खान ने 96%आदेश श्रीवास्तव ने95.4% स्वेक्षा



सिंह ने 95.4% श्वेतांक पटेल ने 95.2 %के अलावा लगभग 27छात्रों ने 90% और लगभग 35 छात्रों ने 89% अंक अर्जित कर न केवल विद्यालय का बल्कि अपने माता पिता का सिर भी गर्व से ऊंचा किया। इस खुशी के अवसर पर उपप्रधानाचार्य श्री सुशांत श्रीवास्तव और उपप्रधानाचार्या श्रीमती शिल्पी जैन ने छात्रों का मुंह मीठा करवाया और उनकी सफलता के लिए उन्हें बधाई दी। प्रसन्नता से ओत– प्रोत चेयरमैन श्री महेश अग्रवाल और प्रधानाचार्या डॉ. श्रीमती रीना पाठक ने सभी अध्यापकों के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों को इस अभूतपूर्व सफलता के लिए बधाई दी।

## सी०बी०एस०ई० कक्षा 10 व 12 का परिणाम घोषित – रेड रोज के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेड रोज ग्रुप ऑफ स्कूल में कक्षा 10 व 12 का बोर्ड परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में, अंशिका श्रीवास्तव 97 प्रतिशत, दिव्या मिश्रा 96.4 प्रतिशत सिद्रा तारिक 95.4 प्रतिशत, माही सिंह 95.4 प्रतिशत, आयुष सिंह राठौर, आस्था 95 प्रतिशत, रणवीर 94.8, कार्तिके मिश्रा 94.6 प्रतिशत, कृपा 94.4 प्रतिशत, अमन 94.2 प्रतिशत, स्मृद्धि श्रीवास्तव एवं निस्वार्थ 94 प्रतिशत, सौम्या एवं श्रेया 93.8 प्रतिशत, अर्पिता अस्थाना, संस्कृति दूबे एवं अपूर्वा द्विवेदी 93.6 प्रतिशत, निष्ठा तिवारी 93.4 प्रतिशत, श्रद्धा मिश्रा 932 अदिति, हर्षिता यादव, पौरूष तोमर 93, अययशा फातिमा 92.8 प्रतिशत, स्यामभवी शुक्ला, अनुस्का राय, आस्था 926 प्रतिशत, सुखमीत कौर 92.4 प्रतिशत, आहान विश्वकर्मा, आयुष कुमार, दिव्या यादव, कृष्णकान्त 91.6 प्रतिशत, आकृति गुप्ता 91.2, अर्शिया 91 प्रतिशत, रूसदा, उत्कर्ष, आदित्य, दिवाकर, जौद्विन 90.6 प्रतिशत, स्तुति स्कसेना 90.2, अंशिका पाठक 90 प्रतिशत, एवं कक्षा 12 में श्रेष्ठ कौशिक 97 प्रतिशत, वैष्णवी शर्मा 97 प्रतिशत, सगुन मौर्य 96.6 प्रतिशत, रिया चौधरी 95.8 प्रतिशत, प्रिया पाण्डे 95.4 प्रतिशत, सुमित कुमार शर्मा 94.8 वंशिका रमानी 94.60 प्रतिशत, दीप्ति गुप्ता 94.40 प्रतिशत, सुमेधा 94.4, अन्वेशा शेठ 93.4, सृष्टि यादव 93.2, आयुष सिंह 93 प्रतिशत पुर्णिमा बाजपई 92.80 प्रतिशत, महेन्द्र




सिंह 92.80 प्रतिशत, अनामिका पाण्डेय 92.40 प्रतिशत, हंसिका राजदेव ने 92 प्रतिशत, कौशिक पाण्डेय ने 92 प्रतिशत, दिशा विमल ने 91.80 प्रतिशत, सुहानी दुबे 91.4 प्रतिशत एवं अल्का, पलक, दिपांशी, कशिश, प्रिंसी, नित्या, शुभम मौर्य, शुभ, गणेश आदि कई विद्यार्थियों ने विद्यालय में टॉप किया। विद्यालय का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक श्री आर० सी० मिश्र, प्रबन्ध निदेशक डॉ० प्रशान्त कुमार मिश्रा, अध्यक्षा श्रीमती स्मिता मिश्रा एवं प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों को उनके अच्छे परिणाम के लिए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## हेलमेट ना लगाने का कारण पूछने पर चोलापुर थाना प्रभारी से उलझा व्यक्ति हाथापाई : मुकदमा दर्ज

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में दानगंज चोलापुर थाना क्षेत्र के चंदापुर चौकी क्षेत्र में पुलिस पार्टी पर एक व्यक्ति ने हाथापाई करते हुए डंडे से हमले करने का प्रयास किया। जिस पर चोलापुर पुलिस ने थाना प्रभारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर युवक को हिरासत में लिया है। चोलापुर थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने मुकदमा दर्ज करते हुए बताया है कि संतोष मिश्रा इटवा चोलापुर के रहने वाले है। शुक्रवार की शाम चोलापुर पुलिस स्वयं थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी चंदापुर चौकी प्रभारी बिपिन पाण्डेय दरोगा टून्नू सिह और पुलिसकर्मियों के साथ चंदापुर चौकी क्षेत्र के महावीर बाजार के पास वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पर गस्त करते हुए वाहन चेकिंग की जा रही थी। महावीर बाजार में संतोष मिश्रा अपनी बाइक से आ रहे थे बाइक रोकने पर जब हेलमेट नही लगाने का सवाल किया गया तो संतोष मिश्रा के द्वारा पुलिस के साथ गाली–गलौज और हाथापाई करने लगे। बगल में मौजूद एक डंडे से पुलिस पर प्रहार करने का प्रयास किया। किसी प्रकार संतोष मिश्रा को



लोगों ने पकड़ा पुलिस टीम पर हमला करने के मामले को लेकर संतोष मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी चोलापुर में बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालना और पुलिस पार्टी पर हमला करना अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## नालंदा शिक्षण संस्थान में टॉपर्स स्टूडेंट्स सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शुक्रवार को घोषित 10 और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में नालंदा शिक्षण संस्थान के बच्चों ने अच्छे अंक हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है। नालंदा शिक्षण संस्थान में बच्चो की हौसला अफजाई के लिये एक सम्मान समारोह में टॉपर्स बच्चो को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य करुणा शंकर शुक्ला ने कॉलेज परिसर में परिणामों पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए सफल बच्चों की हौसला अफजाई की।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि परिणाम की सफलता बच्चों की मेहनत और लगन पर टिका होता है।परीक्षा परिणाम में निरंतर वृद्धि हो रही है,आगामी परिणामों में भी स्कूल नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।श्री शुक्ला ने बच्चो के अभिवावकों को उनकी सफलता के लिये विशेष रूप से बधाई दी।स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रखर दीक्षित ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बच्चो की प्रतिभा को उजागर करे और मेहनत के साथ सभी शिक्षक अपने स्कूल के बच्चो के अध्यापन कार्य पर ध्यान देते है।उन्होंने टॉपर्स बच्चो के परिवार को इस सफलता के लिये बधाई दी।प्रिंसिपल एमएच नकवी ने बताया कि 10 वी की परीक्षा में स्कूल



में सबसे अधिक 94.4 प्रतिशत अंक मयंक प्रताप सिंह,दूसरे स्थान पर मो0 शुएव खाँ ने 91.6 प्रतिशत अंक और तीसरे स्थान पर 89.4 प्रतिशत अंक पाने की सफलता हासिल की।वही 12 वी क्लास के इशिका ने 95 प्रतिशत अंक और दूसरे स्थान पर अमन राजा ने 94 प्रतिशत अंक व तीसरे स्थान पर इरम ने 85.3 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी है।वही सम्मान समारोह में 10 वी क्लास के आदर्श सिंह,यशी सिंह, आयुष सिंह,अंजली यादव,शिवांश दुबे,आर्यन,पीयूष कुमार,प्रवर पांडे को क्लास में अच्छे अंक पाने पर सम्मान दिया गया।इसी के साथ 12 वी क्लास के तानुष्का सिंह,तृषा मौर्य,शैली तिवारी,प्रतीक दीक्षित,शिवांश,विवेक मिश्रा को क्लास में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने पर पुरुस्कृत किया गया।कार्यक्रम समापन पर प्रधानाचार्य मनु शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।स्कूल के स्टूडेंट्स ने अपनी सफलता का श्रेय टीचरो के कुशल मार्गदर्शन और अच्छी शिक्षा प्रदान करने को दिया है वही स्टूडेंट्स के परिवार के सदस्यों ने भी इस कामयाबी पर काफी हर्ष व्यक्त किया है।

## बच्चो के अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में एवं सचिव / तहसीलदार श्री नरेन्द्र कुमार यादव के निर्देश पर ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार राणा की अध्यक्षता में तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दूलीचंद्र की उपस्थिति में पंचायत भवन चठिया धनवार में बच्चों के अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लीगल एड क्लीनिक मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी ने बच्ची के अधिकार बताए एवं कोविड 19 के दौरान अनाथ हुए बच्चो को सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया कि उन सभी बच्चों की मदद की जाएगी जिनके माता पिता की मृत्यु कोरोनावायरस संक्रमण के कारण हो गई है। इस योजना के अंतर्गत न केवल बच्चों की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी बल्कि उनको पढ़ाई से लेकर उनके विवाह तक का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। सभी पात्र बच्चों के पालन पोषण के लिए प्रतिमाह उनको ध्4000 की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह आर्थिक सहायता बच्चे के वयस्क होने तक प्रदान की जाएगी। इसके अलावा इस योजना के माध्यम से लड़कियों की शादी के लिए 101000 की आर्थिक सहायता



प्रदान की जाएगी एवं आगामी 21 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की विस्तृत जानकारी दी। कौशल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नालसा द्वारा बच्चों को सुविधाजनक, सुलभ संस्था न्याय उपलब्ध कराने हेतु मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना बनाई गई है। उक्त योजनांतर्गत बच्चों के साथ होने वाले अपराधों में विधिक सेवा संस्थाओं से नि?शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता प्राप्त की जा सकती है। शिविर में पी एल वी शिवाकांत श्रीवास्तव एवं सुतीक्षण राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

## रडार तकनीक से ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण की मांग पर आदेश है सुरक्षित : 1991 में हुआ था मुकदमा

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी मामले में वर्ष 1991 का एक मुकदमा है। इसमें विवादित स्थल का रडार तकनीक से पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। फिलहाल इस मुकदमे में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रखा है। वर्ष 1991 में प्राचीन मूर्ति स्वयंभू लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ व अन्य बनाम अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी व अन्य का वाद दाखिल किया गया था। लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने 10 दिसंबर 2019 को जिला अदालत में प्रार्थना पत्र देकर ज्ञानवापी परिसर के विवादित स्थल का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से रडार तकनीक से सर्वेक्षण कराने की अपील की थी। मसाजिद कमेटी ने हाईकोर्ट में की थी अपील 08 अप्रैल 2021 को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट आशुतोष तिवारी की अदालत ने विजय शंकर रस्तोगी के आवेदन को स्वीकार कर सर्वेक्षण का आदेश दिया था। सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की अपील पर सितंबर 2021 में हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के विवादित स्थल के रडार तकनीक से सर्वेक्षण पर रोक लगा दी थी। 22 मई को जिला जज तय करेंगे कैसे हो सर्वे अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश से अब 22 मई को वाराणसी के जिला जज तय करेंगे कि इस मामले में आगे कैसे बढ़ना है। जिला जज तय करेंगे कि शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और साइंटिफिक सर्वे कैसे व कब हो। एएसआई ने हाईकोर्ट को बताया है कि शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए बगैर उसकी उम्र, लंबाई, चौड़ाई और गहराई बताई जा सकती है। यह हिंदू पक्ष की जीत हिंदू पक्ष के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा कि सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग की वैज्ञानिक जांच की मांग पर फैसला आया है। यह हिन्दू पक्ष की जीत है। इस जांच से 350 वर्ष पुराना विवाद समाप्त हो जाएगा। हाईकोर्ट का फैसला मील का पत्थर साबित होगा। अगर, यह 500 वर्ष पुराना पाया गया तो मस्जिद



की थ्योरी समाप्त हो जाएगी। क्योंकि मस्जिद की थ्योरी 350 साल पुरानी है। ज्ञानवापी से संबंधित प्रकरण कैसे आगे बढ़ा 18 अप्रैल 2021: ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन और अन्य विग्रहों के संरक्षण की मांग के लिए सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में वाद दाखिल। 09 अप्रैल 2022: अदालत ने अजय कुमार मिश्र को अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त कर कमीशन की कार्रवाई के आदेश दिए। 06 मई 2022: ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के लिए टीम पहुंची, लेकिन विरोध और बैरिकेडिंग के चलते लौटना पडना। 12 मई 2022: न्यायालय ने सर्वे की कार्रवाई जारी रखने के आदेश के साथ ही विशाल सिंह को विशेष अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त कर दिया। 16 मई 2022: हिंदू पक्ष ने कथित शिवलिंग मिलने का दावा किया और हिन्दू पक्ष के वकील हरीशंकर जैन के आवेदन पर अदालत ने कथित शिवलिंग वाली जगह को सील करने का आदेश दिया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। 17 अप्रैल 2023: मुस्लिम पक्ष ने नमाज में आ रही समस्या पर सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दाखिल किया था। इस पर को सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी जिलाधिकारी को समस्या के समाधान का आदेश दिया था। ईद से पहले ज्ञानवापी परिसर के 100 मीटर के दायरे में सचल शौचालय और वजू के लिए पानी से भरे टब की व्यवस्था की गई थी। 12 मई 2023: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साइंटिफिक सर्वे और कार्बन डेटिंग का आदेश दिया।

# नर्सों के सम्मान में मिशन निरामयाः अन्तर्गत चलाया गया एक हस्ताक्षर अभियान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थानए गोमती नगर लखनऊ में कार्यरत नर्सिंग संवर्ग एवं कालेज ऑफ नर्सिंग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस का अयोजन किया गया। साथ ही नर्सों के सम्मान में मिशन निरामयाः के अन्तर्गत एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान की निदेशक प्रो0 सोनिया नित्यान्नद, मुख्य नर्सिंग अधिकारी प्रो0 डी0के0 श्रीवास्तव चेयरमैनए कालेज ऑफ नर्सिंग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की डीन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक चेयरमैन, कालेज आफ नर्सिंग एवं संस्थान के अन्य सम्मानित फैकल्टी सदस्य, मुख्य नर्सिंग अधिकारी, संस्थान में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ, अधिकारी एवं कर्मचारी, भी उपस्थित रहें। प्रोग्राम में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने नर्सिंग प्रोफेशन की सराहना की साथ ही नर्सिंग प्रोफेशन पर अपने.अपने मत को भी ब्यक्त किया। संस्थान की निदेशक महोदया प्रोफेसर सोनिया नित्यानन्द द्वारा फ्लोरेंस नाइटिंग के जीवनी पर संक्षिप्त विवरण देते हुए मरीजों के देखभाल में नर्सिंग के उत्तरदायित्वों को समझाया। उन्होनें नर्सिंग स्टाफ को फ्लोरेंस नाइटिंग के जीवनी से प्रेरणा के लिए प्रेरित किया साथ ही इनके अच्छे कार्य को सैलुट किया उन्होनें बताया कि अपने संस्थान के रोगियों के साथ हमें दूसरे चिकित्सा संस्थानों से उच्च दर्जे का व्यवहार स्थापित करना है। बी0एस0सी0 नर्सिंग विद्यार्थियों को बधाई दी साथ ही अच्छे कार्य एवं गुणवत्ता के लिए प्रेरित किया। उन्होनें में बताया की नर्सिंग प्रोफेशन मरीजों के प्रति करूणा एवं प्रेम से जुड़ी एक कड़ी है। कोविड के दौरान समस्त नर्सिंग स्टाफ द्वारा किये गये कार्य की सराहना की। संस्थान की डीन महोदया प्रोफेसर नुजहध्त हुसैन ने अपने अभिव्यक्ति में बताया की नर्सिंग स्टाफ से मरीज एवं मरीज के तीमारदार की बहुत उम्मीदे जुड़ी रहती है नर्सिंग स्टाफ को इलाज के दौरान गुणवत्ता बनाये रखने के सम्बन्ध में प्रेरित किया। उन्होनें कहा की नर्सिंग स्टाफ को अपने ज्ञान और कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए आगे की पढ़ाई को जारी रखने की आवश्यकता है साथ ही उन्होनें बताया की कालेज ऑफ नर्सिंगए डा0रा0म0लो0आ0 सं0 ए लखनऊ को उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ नर्सिंग कालेज बनाने में संस्थान प्रशासन अग्रसर है। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक महोदय प्रो0 विक्रम सिंह ने सर्वप्रथम अपने अभिभाषण में समस्त नर्सिंग संवर्ग को बधाई देते हुए बताया कि प्रत्येक भारतीय को नर्सिंग स्टाफ का सम्मान करना चाहिए। नर्सिंग संवर्ग को अपने मरीजों के देख.रेख में गुणवत्ता बनाये रखना है और इसे सुधार की जरूरत है। उन्होनें सुझाव दिया कि अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की भॉति राष्ट्रीय नर्सिंग



दिवस को मनाये जाने की आवश्यकता है। सभी नर्सिंग स्टाफ को अपने प्रोफेशन के अलावा प्रशासनिक कार्य में भी अभिरूचि दिखानी चाहिए। सीनियर नर्सिंग स्टाफ को अपने से जूनियर नर्सिंग स्टाफ को मरीजों के देख रेख सम्बन्धित समय.समय पर उचित सुझाव देना चाहिए। संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महोदय प्रो0 राजन भटनागर ने सर्वप्रथम अपने अभिभाषण में समस्त नर्सिंग संवर्ग को बधाई देते हुए बताया कि नर्सिंग संवर्ग चिकित्सा क्षेत्र का एक अभिन्य अंग है। इस लिए अपने कार्य प्रति अपने कौशल को विकसित करना तथा अपने प्रोफेशन में ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करे जिससे की आधे से ज्यादा समस्या स्वयं के द्वारा निस्तारित कर सकें। इन्होने कोविड के दौरान समस्त नर्सिंग स्टाफ द्वारा किये गये कार्य की सराहना की। श्रीमती सुमन सिंह,मुख्य नर्सिंग अधिकारी ने अपने अभिभाषण में बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाने की शुरूवात 1965 में इंटरनेशनल काउंसिल आफ नर्सेज ने की थी। जिसके बाद जनवरी 1974 में 12 मई को अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के तौर पर मनाने का फैसला लिया गया। सी0एन0ओ0 महोदया ने अपने अभिभाषण के दौरान निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नर्सों का एक रोगी के जीवन में काफी महत्व है। यूं भी कह सकते हैं कि हमे जिन्दा रखने में नर्सों की बड़ी भूमिका होती है वह मरीजों की देखभाल के लिए अपने सुख चौन त्याग कर दूसरों की भलाई के लिए काम करती हैं। उनके जज्बे को सलाम करनें के लिए 12 मई का दिन चुना गया है यह दिन दुनिया भर की नर्सों को समर्पित है। मानवीय देखभाल ,रोगी के मानवीय और कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए एक नर्स की रोगी के प्रति सार्थक भूमिका होती है। एक नर्स समानता को बढ़ावा देती है जो यह सुनिश्चित करता है कि रोगियों के अधिकार सुरक्षित हैं। रोगियों के अधिकार स्वायत्तताए गोपनीयता और एकांतता है इसका मकसद गरिमा और किसी भी तरह के अन्याय की रक्षा करना है। प्रत्येक रोगी को जातिए रंगए लिंगए जातीयता और उम्र के आधार पर बिना किसी भेदभाव के उपचार का अधिकार है। मरीज की ऐसी स्थिति जिसमें चलने फिरने बैठने उठनें या अपने नियमित कार्य करने में असमर्थ होता हैए तो उसे विशेषज्ञ नर्सिंग केयर लेने की सलाह देते हैं जिसे उसके दखभाल एवं ध्यान रखने वाले नर्सिंग स्टाफ को क्या करना है क्या नही यह पता होना चाहिए। नैतिकता नर्सिंग नैतिकता व्यावहारिक नैतिकता की एक शाखा है जो स्वतः ही नर्सिंग की गतिविधियों का संचालन करती है। नार्सिग नैतिकता में उपकारिताए किसी भी तरह का हानि न पहुचाना तथा स्वायत्ता के सम्मान के साथ चिकित्सकीय नैतिकता से जुड़े कई तत्व शमिल होते है। यह संबधए मानवी गरिमा तथा सहयोगपूर्ण सेवा पर इसके प्रभाव से पहचानी जाती है। गोपनीयता नर्सिंग नैतिक में बहुत महत्वपूर्ण है। रोगी की जानकारी के बारे में रोगी की अनुमति के बाद ही दूसरों के साथ साझा किया जा सकता है। प्रोग्राम के अन्त में निदेशक द्वारा संस्थान में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, नर्सिंग, विद्यार्थियों को इनके अच्छे कार्यो के लिए पूरस्कार वितरित कर प्रोत्साहित किया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर : पिता–पुत्र की कुचलकर मौत : आक्रोशित भीड़ ने लगाया जाम

उन्नाव ब्यूरो : उन्नाव जिले में पुरवा–उन्नाव मार्ग पर मंगतखेड़ा चौराहा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में पिता–पुत्र की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब पिता, बेटे को स्कूल से लेकर घर जा रहा था। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर ब्रेकर बनवाने की मांग करते हुए जाम लगा दिया। तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी के समझाने पर करीब दो घंटे बाद जाम खुला। हादसे के वक्त बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए था। जानकारी के अनुसार, पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बैगांव निवासी संदीप यादव (30) सुबह करीब 11 बजे बेटे अनमोल (8) को स्कूल से लेकर घर जा रहा था। बाइक से मंगतखेड़ा चौराहा पार करते समय पुरवा से उन्नाव की ओर जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक के पीछे के पहिए से कुचलकर पिता–पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे चालक को ट्रक सहित रोक लिया और मारपीट की। चालक को हिरासत में लिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। घटना से आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। लोगों ने चौराहा से पहले सड़क पर ब्रेकर बनवाने की मांग की। लोगों ने बताया कि यहां



अक्सर हादसे होते हैं। पुरवा और उन्नाव की ओर से आने वाले वाहन तेजी से निकलते हैं। पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया इससे चौराहा से आवागमन कर रहे लोग चपेट में आकर घायल होते हैं। जाम की सूचना पर पहुंचे पुरवा कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। मामला बढ़ते देख सर्किल का फोर्स बुलाया गया। कुछ देर बाद तहसीलदार अमृतलाल भी घटना स्थल पहुंचे। तहसीलदार ने पीडब्लूडी को पत्र लिखने की बात कही है तहसीलदार ने ब्रेकर बनवाने के लिए पीडब्लूडी को लिखने और पिता–पुत्र को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कारवाई का आश्वासन दिय। इस पर करीब दो घंटे बाद लोग शांत हुए। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया चालक को हिरसात में लेते हुए ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

# 'क्रिएटिव कान्वेंट कॉलेज में मोहम्मद मोह्ताशिम सिद्दिकी ने मारी बाजी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सीबीएसई रिजल्ट 2023 में क्रिएटिव कान्वेंट कॉलेज में इंटरमीडिएट में 67 विद्यार्थियों में से 66 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुएद्य जिसमे से सुजाता सामंत ने 93% अंक हासिल किये और




हाईस्कूल में 88 विद्यार्थियों में सभी विद्यार्थी सफल हुए जिसमे मोहम्मद मोह्तशिम सिद्दिकी ने 94.20% हासिल किया। विद्यालय में प्रथम स्थान पर मोहम्मद मोह्ताशिम सिद्दिकी ने 94.20%, अक्षत तिवारी 93.20% से द्वितीय स्थान पर व तृतीय स्थान पर सुजाता सामंत ने 93% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# पटरियों के बीच फंसा डंपर : दिल्ली से हावड़ा रूट पर संचालन हुआ ठप

कानपुर ब्यूरो : कानपुर देहात में दिल्ली–हावड़ा रेल रूट के कंचौसी रेलवे फाटक के पास शुक्रवार की रात पटरियों पर डंपर फंस गया। इससे दिल्ली–हावड़ा रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन रात करीब 8:25 बजे ठप हो गया। इससे अप व डाउन की सभी ट्रेनें जहां की तहां खड़ी हो गई। डंपर हटवाकर रात करीब 11:05 बजे ट्रेनें गुजारी जा सकीं। कंचौसी कस्बे के नहर



पुल की तरफ से ईंट लदा डंपर रात करीब 8:25 बजे रेलवे फाटक पार कर रहा था। उसी दौरान अप व डाउन पटरियों के बीच पहुंचते ही डंपर में खराबी आ गई और वह पटरियों के बीच खड़ा हो गया। इससे दिल्ली–हावड़ा रूट का आवागमन ठप हो गया। साथ ही ट्रेनें जहां की तहां खड़ी हो गईं। पटरियों के बीच डंपर फंसने की सूचना पर रेलवे के अधिकारी और आरपीएफ कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं। डंपर को बुलडोजर से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। 11:05 बजे हटा डंपर, फिर ट्रेनें हुईं रवाना इस बीच डाउन की दिल्ली–भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस, दिल्ली–गुवाहटी राजधानी एक्सप्रेस कंचौसी स्टेशन व अप की कानपुर–इटावा मेमो परजनी हाल्ट पर व झींझक स्टेशन पर आम्रपाली एक्सप्रेस व कानपुर टूंडला मेमो खड़ी रही। रात करीब 11:05 बजे डंपर हटा, तो ट्रेनें आगे बढ़ीं।

# सीलिएक रोग में ग्लूटन खाने से छोटी आंतों को नुकसान होता है –प्रो0 सोनिया नित्यानंद



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डा0राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में दि0 8 से 14 मई को सीलिएक जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है ।इस अवसर पर संस्थान की निदेशक प्रो0 सोनिया नित्यान्नद ने बताया कि दुनिया की आबादी का लगभग 0.7 प्रतिशत हिस्सा सीलियक रोग से प्रभावित है। वहीं भारत में इस बीमारी से करीब 60 से 80 लाख लोगों के ग्रसित होने का अनुमान है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर भारत में प्रति 100 में एक व्यक्ति इस बीमारी से जूझ रहा है। सीलियक एक गंभीर ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है, जो आनुवंशिक रूप से अति संवेदनशील लोगों में हो सकता है। आनुवंशिकी इस स्थिति के प्रसार में एक प्रमुख भूमिका निभाती है और इसलिए यह समस्या बच्चों में भी हो सकती है। संस्थान के पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और हेपेटोलॉजिस्ट डॉ पीयूष उपाध्याय, ने बताया, यदि आपको और आपके बच्चे को पेट दर्द 'या दस्त की शिकायत रहती हैं? आपका बच्चा क्लास में सबसे छोटे कद का है और अक्सर थकान महसूस करता है? आपका लीवर ठीक काम नहीं का रहा है? जरा सा मुड़ने पर आपके पैर की हड्डी टूट गई है?इन सबका एक कारण हो सकता है सीलिएक रोग । उन्होंने आगे बताया, यह गेहूं जौ राई, व ओट्स में पाये जाने वाले एक प्रोटीन (ग्लूटन) से होता है। ।10–१५ वर्ष पहले जिस बीमारी के बारे में सुना भी नहीं जाता था, आज अनुमान है कि करीब 80 लाख(लगभग 1 प्रतिशत ) लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं। सीलिएक रोग में ग्लूटन खाने से छोटी आंतों को नुकसान होता है। शरीर को पौष्टिक तत्व नहीं मिल पाते हैं जिसके परिणाम स्वरुप कई रोग और लक्षण सामने आते हैं। लक्षणों में कुछ पेट से संबंधित जैसे दस्त, पेट दर्द, पेट फूलना, उल्टी शरीर का विकास न होना शरीर का वजन कम होना और कुछ अन्य अंगो से संबंधिच जैसे लीवर की बीमारियां,हड्डियों की बीमारी दांत में एनोमिल की दिक्कत,अनीमिया (खून की कमी),बार–बार गर्भपात, शरीर में दाने कमजोरी इत्यादि शमिल हैं। यह एक आनुवंशिक रोग है और करीब एक तिहाई जनसंख्या में इसका कारक जीन पाया जाता है। गेहूँ और ग्लूटन युक्त अन्य अनाजों का उपयोग करने से इनमे कुछ लोगों में सीलिएक रोग किसी भी उम्र में ( 6 महीने से लेका 90 वर्ष तक ) सक्रिय को सकता है। यकीन करना मुश्किल है लेकिन जहां–जहां गेहूँ का सेवन किया जाता है वहीं यह रोग पाया जाता हैं। हमारे देश के उत्तरी राज्यों में जहाँ गेहूँ का प्रयोग ज्यादा होता है सीलिएक रोग ज्यादा पाया जा रहा है। बच्चों में लक्षण निम्नलिखित हो सकते हैं पेट में दर्द ,मतली, भूख की कमी, उलटी ,दस्त,चिड़चिड़ापन,कम वृद्धि,विलंबित यौवन,पीली त्वचा,ऐंठन,मुंह के कोनों पर अल्सर का फट जाना,वयस्कों में लक्षण निम्नलिखित हो सकते हैं । सूजन,गैसों,दस्त,वजन घटाने,कम भूख,थकान,पेट में दर्द,हड्डी का दर्द,व्यवहार में परिवर्तन,मांसपेशियों में ऐंठन और जोड़ों का दर्द,ऐंठन,चक्कर आना,त्वचा में लाल चकत्ते आना,दंत समस्याओं,छूटी हुई माहवार,बांझपन,हाथ – पांव में उत्तेजना में परिवर्तन। डॉ पीयूष उपाध्याय ने आगे बताया, एंटी टीटीजी टेस्ट व इंडोस्कोपी के जरिए बीमारी की अवस्था का पता लगाकर समय पर इलाज शुरू कर दे तो बच्चे को बीमारी के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस रोग में आटा, ब्रेड, मिठाई, सूजी, केक, ओटस से बने खाद्य पदार्थ खाने की मनाही होती है। जबकि, चावल, बेसन, दूध व दूध से बने खाद्य पदार्थ, दाले, इडली, सांबर, आलू, चाय, कॉफी, जैम, शहद से बने खाद्य पदार्थ खाए जा सकते हैं।

# श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी महाराज का मनाया गया गुरू गद्दी दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रातः के दीवान में बन्दी छोड़ दाता, मीरी पीरी के मालिक सिखों के छठे गुरु साहिब श्री गुरु हरिगोबिन्द जी का गुरू गद्दी दिवस श्री गुरु सिंह ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, नाका



हिंडोला,लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया।

श्री सुखमनी साहिब के पाठ उपरान्त रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में:–

**पंज पिआले पंज पीर छठमु पीरु बैठा गुर भारी।।**
**अरजन काइिआ पलटि कै मूरति हरिगोबिन्द सवारी।।**

शबद कीर्तन गायन किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने गुरू गद्दी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बन्दी छोड़ दाता, मीरी पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी का जन्म श्री गुरु अरजन देव जी व माता गंगा जी के घर श्री अमृतसर में हुआ था। श्री गुरु अरजन देव जी की शहीदी के बाद 11 वर्ष की उम्र में धन–धन बाबा बुड्ढा जी ने आपको गुरु गद्दी तिलक लगाया आप 38 वर्ष तक गद्दी पर विराजमान रहे आपने दो तलवारें धारण की एक मीरी की और एक पीरी की। मीरी का मतलब बादशाहत, ताकत, शक्ति, भाव जो लोग दुनिया में जुल्म कर रहे है मैं मीरी की तलवार पहन कर उन्हें जुल्म करने से रोकूँगा और पीरी का मतलब जो लोग पीर फकीर धर्मी बनकर पाप कर रहे हैं, मै उनके पाप को प्रकट करुंगा व सच्चे धर्माथियों की रक्षा करुंगा। जहाँ श्री गुरु अरजन देव जी ने श्री अमृतसर में हरिमन्दिर साहिब की सर्जना की जो भक्ति का प्रतीक है, वहाँ श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी ने ठीक हरिमन्दिर साहिब के सामने अकाल तख्त की सर्जना की जो शक्ति का प्रतीक है। गुरु जी ने दुनिया के भले के लिये पानी की कमी को देखकर जगह–जगह कुएं खुदवाये और ऊँच नीच के भेदभाव को खत्म किया। गुरु जी की दिन प्रतिदिन बढ़ती ताकत को देखकर जुल्म का शिकार हुए ईर्शालु सहन न कर सके व गुरु जी को ग्वालियर के किले में बन्द कर दिया। जहाँ जहाँगीर के सताये हुए 52 हिन्दू राजा भी कैद थे जिनका राजपाट जहाँगीर ने अपने कब्जे में कर लिया था, पर कुछ समय बाद जहाँगीर ने गुरु जी को मुक्त करने का आदेश दिया। गुरु जी ने कहा हम अकेले किले से बाहर नहीं जायेंगे। अगर हमें रिहा करना है तो इन 52 हिन्दू राजाओं को भी रिहा करना होगा। जहाँगीर को गुरु जी की शर्त माननी पड़ी। इस तरह गुरु जी उन 52 हिन्दू राजाओं को लेकर किले से बाहर निकले और उनका राजपाट वापस दिलवाया। तभी से गुरु जी को "बन्दी छोड़ दाता" भी कहा जाता है। दीवान की समाप्ति पर लखनऊ गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने समूह संगत को साहिब श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी महाराज के गुरू गद्दी दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। उसके उपरान्त छोले भटूरे का लंगर दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा वितरण किया गया।

# लखनऊ–चंडीगढ़ सहित सात जोड़ी ट्रेनें आज से कैंसिल : इन गाड़ियों के बदले रहेंगे रूट

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर रेलवे के बनथरा स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन व इंटरलॉकिंग के कमीशनिंग कार्य को लेकर 13 व 14 मई को लखनऊ चंडीगढ़ समेत सात जोड़ी ट्रेनें कैंसिल रहेंगी। जबकि कई ट्रेनों को रोककर चलाया जाएगा। सीपीआरओ ने बताया कि 13 व 14 मई को लखनऊ जं.–चंडीगढ़ एक्सप्रेस व बनारस–देहरादून एक्सप्रेस एवं बनारस–नई दिल्ली एक्सप्रेस, –14 व 15 मई को चंडीगढ़–लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 14 मई को लखनऊ जं.–आनन्द विहार टर्मिनस–लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, 13 से 15 मई तक लखनऊ जं.–मेरठ सिटी एक्सप्रेस, 13 से 16 मई तक मेरठ सिटी–लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 14 व 15 मई को देहरादून–बनारस एक्सप्रेस व नई दिल्ली–बनारस एक्सप्रेस, 14 मई को सहरसा–अमृतसर एक्सप्रेस, 13 मई को अमृतसर–सहरसा एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। ये ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी 13 मई को सिंगरौली–टनकपुर बदले मार्ग शाहजहांपुर–पीलीभीत के रास्ते, 15 मई को टनकपुर–सिंगरौली पीलीभीत–शाहजहांपुर, 14 मई को शक्तिनगर–टनकपुर बदले मार्ग शाहजहांपुर–पीलीभीत, 13 व 14 मई को टनकपुर–शक्तिनगर बदले मार्ग पीलीभीत, शाहजहांपुर, 14 मई को लखनऊ जं. काठगोदाम बदले मार्ग शाहजहांपुर–पीलीभीत–भोजीपुरा और 13 व 15 मई को काठगोदाम–लखनऊ जं. बदले मार्ग भोजीपुरा–पीलीभीत–शाहजहांपुर



के रास्ते चलाई जाएगी। जुलाई तक नौ फेरों में चलेगी मुंबई–बरौनी एक्सप्रेस यात्रियों की मांग पर रेलवे प्रशासन की ओर से मुंबई सेंट्रल से बरौनी के लिए वाया लखनऊ समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है, जो शुक्रवार से शुरू हो गई। ट्रेन 27 जुलाई तक नौ फेरों में चलाई जाएगी। इसमें सेकेंड व थर्ड एसी के दो–दो, स्लीपर के 12, जनरल के चार कोच लगाए जाएंगे। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि गाड़ी संख्या 09061 मुम्बई सेंट्रल–बरौनी स्पेशल चार जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को मुंबई सेंट्रल से सुबह 11 बजे चलकर अगली शाम 4:15 बजे लखनऊ पहुंचेगी। जहां से चलकर सुलतानपुर, जौनपुर, वाराणसी आरा के रास्ते सुबह छह बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09062 बरौनी–मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से रात 10:30 बजे रवाना होगी और अगली दोपहर 12:50 बजे लखनऊ होते हुए तीसरे दिन मुंबई सेंट्रल शाम 6:20 बजे पहुंचेगी। ट्रेन 27 जुलाई तक चलेगी।

# अतीक के नाबालिग बेटे ने बनाई थी छह फेसटाइम आईडी : सौलत खान हनीफ से पूछताछ में खुलासा

प्रयागराज ब्यूरो : उमेश पाल हत्याकांड में जो 10 आईफोन इस्तेमाल किए गए, उनमें से छह की फेसटाइम आईडी अतीक अहमद के नाबालिग बेटे ने बनाई थी। उसने ही अतीक की bade006, अशरफ की chote007 व अन्य की अलग–अलग नामों से फेसटाइम आईडी तैयार की थी। यह खुलासा खान सौलत हनीफ ने किया है। पुलिस अब इन बातों की तस्दीक करने में लगी हुई है। साजिश रचे जाने से लेकर उमेश पाल हत्याकांड को अंजाम दिए जाने तक अतीक–अशरफ व अन्य साजिशकर्ताओं व शूटरों के बीच आईफोन के जरिए बातचीत हुई थी। इनमें से अब तक दो आईफोन पुलिस बरामद कर चुकी है जिनमें से एक मुख्य शूटर असद और दूसरा खान सौलत हनीफ का है। दो दिन पहले दोबारा कस्टडी रिमांड पर लिए जाने के दौरान सौलत ने एक और चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस को बताया है कि उमेशपाल की हत्या के लिए 10 आईफोन खरीदे गए थे जिनका इस्तेमाल अतीक–अशरफ समेत अन्य लोगों ने किया। इन्हीं में से एक आईफोन उसे असद ने दिया था। अहम बात यह है कि इन सभी आईफोन की फेसटाइम आईडी अतीक के नाबालिग बेटे ने बनाई थी। उसने अपनी फेसटाइम आईडी thakur008 के नाम से बनाई थी। इस आईडी के जरिए शाइस्ता अतीक–अशरफ व अन्य लोगों से बात करती थी। यही नहीं advo10 नाम से खुद उसकी आईडी भी अतीक के नाबालिग बेटे



ने ही बनाई थी। सौलत ने बताया है कि अतीक के नाबालिग बेटे ने छह फेसटाइम आईडी बनाई थी। इनमें से पांच का इस्तेमाल उसके परिवार वाले व वह जबकि एक का इस्तेमाल गुलाम करता था। पुलिस कर सकती है पूछताछ अतीक के नाबालिग बेटे के बारे में जो भी जानकारी सामने आई है, पुलिस उनकी तस्दीक करने में लगी है। तस्दीक होने के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर सकती है। फिलहाल वह बालगृह में आवासित है। ऐसे में उससे पूछताछ के लिए पुलिस को सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी। सूत्रों का कहना है कि फिलहाल अभी अर्जी नहीं दी गई है।

# जनपद हरदोई सदर की नगर पालिका सीट पर नरेश अग्रवाल का बरकरार रहा जलवा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 15 हजार से अधिक मतों से गुथी गई जीत की माला से मधुर को किया उपकृत नगर नगर पालिका परिषद हरदोई के चुनाव में नरेश अग्रवाल का जलवा बरकरार रहा उन्होंने अपने प्रत्याशी को बड़े अंतराल से विजय श्री दिलवाकर एक बार पुनः अपने हैसियत पार्टी के कद्दावर नेताओं के सामने प्रस्तुत कर दी है इस भारी–भरकम जीत से यह तय हो गया है कि हरदोई में नरेश अग्रवाल और उनके लाल नितिन अग्रवाल का सानी अभी तक कोई दूसरा नहीं है। अपने कार्यकर्ताओं के लिए हरदम तैयार रहने वाले नरेश अग्रवाल वह नाम है जो पिछले 50 वर्षों से राजनैतिक क्षेत्र में सदैव ही चर्चा का विषय बना रहा है जिले से लेकर प्रदेश और प्रदेश से लेकर देश तक में अपने नाम का लोहा मनवाने वाले नरेश अग्रवाल के नाम से हरदोई जानी जाती रही है श्री अग्रवाल की राजनैतिक कार्यकुशलता का आलम यह है कि एक बार जो व्यक्ति उनसे मिला वह उनका सदैव के लिए होकर रह गया जिस तरह अपने कार्यकर्ता के लिए वह कभी पीछे मुड़कर नहीं देखते उसी तरह कार्यकर्ता भी उनके लिए अपनी जी जान लगाने में परहेज नहीं करता यही कारण है कि श्री अग्रवाल द्वारा हर दिल अजीज भोले भाले मधुर मिश्रा को नगर पालिका परिषद का प्रत्याशी घोषित कराने से लेकर 15,000 से अधिक मतों से विजय श्री दिलवाने में श्री अग्रवाल और उनके पुत्र उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल तथा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है एक राजनीतिक पंडित का तो यहां तक कहना है कि यदि भाजपा हरदोई जिले में नरेश अग्रवाल जी को प्रत्याशी चयन का अधिकार देकर उन पर विश्वास करती तो शायद आज पूरा जिला भाजपामय होता लेकिन पार्टी कद्दावर नेता पर कुछ गली छाप नेताओं के कहने पर विश्वास नहीं कर सकी उक्त



राजनीतिक पंडित का कहना है कि जब तक नरेश अग्रवाल हैं तब तक अग्रवाल का झंडा इसी तरह से फहराता रहेगा कद्दावर नेता श्री अग्रवाल के बेहद नजदीकी कार्यकर्ता प्रकाश गुप्ता का कहना है कि इतने अनुभवी राजनेता का भाजपा ढंग से प्रयोग नहीं कर सकी यदि भाजपा ने श्री अग्रवाल को बड़ी जिम्मेदारी देकर चुनाव प्रचार में उतारा होता तो पार्टी के परिणाम कुछ और ही होते एवं पार्टी और अधिक मजबूत होती। नगर पालिका परिषद से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुख सागर मिश्रा मधुर ने अध्यक्ष पद पर तीसरी बार जीत हासिल कर हरदोई की जनता को बहुत–बहुत आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया जीत का श्रेय पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल व नितिन अग्रवाल को दिया और उनका बहुत–बहुत आभार व्यक्त किया साथ ही भारतीय जनता पार्टी का बहुत–बहुत आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन्हें प्रत्याशी के रूप में चुना भारतीय जनता पार्टी का विश्वास बरकरार रखते हुए 15000 से अधिक मतों से जीत हासिल की।

# सभ्य समाज के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है –"मन मोहन कुमार शर्मा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – "सभ्य समाज के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और हमें सदैव उनका ऋणी रहना चाहिए।" यह उद्गार सारस्वत संजीवनी परिवार द्वारा गोमतीनगर स्थित उर्दू अकादमी ऑडिटोरियम में आयोजित सारस्वत संजीवनी के त्रयोदश संस्करण के विमोचन एवं लोकार्पण, मिलनोत्सव तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रबंध सम्पादक मन मोहन कुमार शर्मा ने अपने रिकॉर्डेड मेसेज में व्यक्त किए। मुख्य अतिथि अनिल सारस्वत, कार्यक्रम अध्यक्ष गिरीश सारस्वत, स्वागताध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सारस्वत, तथा सभापति प्रताप भान ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम डांसेशन स्टूडियो के रावेन्द्र रावत ने गणेश वन्दना एवं प्रिया सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तदुपरान्त सारस्वत समाज की अनन्य वार्षिक पत्रिका "सारस्वत संजीवनी" के त्रयोदश संस्करण का विमोचन एवं लोकार्पण किया गया। सारस्वत संजीवनी परिवार द्वारा सारस्वत समाज की विभूतियों को सम्मानित किया गया। स्व० के० पी० सारस्वत तथा स्व० रजनी कान्त मुदगल को मरणोपरांत "सारस्वत कुल रत्न" से सम्मानित किया गया। उनके परिजनों ने अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा "सारस्वत कुल रत्न" सम्मान ग्रहण किया। यज्ञदेव पण्डित, राम किशोर जैतली तथा उर्मिला कपूरिया को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा "सारस्वत रत्न" से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि अनिल सारस्वत ने गरीब सारस्वत ब्राह्मण परिवार के बच्चों के शैक्षिक उत्थान पर चर्चा की। कार्यक्रम अध्यक्ष गिरीश सारस्वत ने सारस्वत ब्राह्मणों के एका पर जोर देकर सामाजिक राजनैतिक शक्ति बनने पर जोर दिया। स्वागताध्यक्ष डॉ. सुनील सारस्वत ने ज्ञानमयी शिक्षा की निरंतरता को महत्वपूर्ण बताया। सभापति प्रताप भान ने आह्वान किया कि समय की बदलती विचार धारा के साथ सारस्वत ब्राह्मणों को अपने समाज की मजबूत जड़ पर पकड़ बनाए रखनी होगी। आचार्य सुरेंद्र



पाठक ने वैदिक ऋचाओं का पाठ कर उसकी उपयोगिता को बताया। संजय सारस्वत ने सारस्वत समाज के हित में कार्य करने हेतु आश्वासन दिया। सारस्वत संजीवनी परिवार के संयोजक एवं मीडिया प्रभारी रूप कुमार शर्मा ने बताया कि सारस्वत संजीवनी पत्रिका संग्रहणीय होती है जिसमें साहित्य, धर्म से सम्बन्धित जानकारी कविता, कहानी, लेख, तिथि–पर्व–विवर्णिका, सारस्वत समाज की विभिन्न क्षेत्रों में सम्मान पाने वाली प्रतिभाओं की सूची, सारस्वत संजीवनी परिवार के सदस्यों के विवरण के साथ विवाह योग्य लड़के–लड़कियों का विवरण सम्माहित होता है। इस अवसर पर डांसेशन स्टूडियो की डायरेक्टर सरिता अरविन्द त्रिपाठी एवं अभिषेक रावत के निर्देशन में रावेन्द्र रावत, भूमि चौहान, प्रिया सिंह खुशी यादव, अनीता चन्द्रा, खुशी सरोज ने अपने भक्ति एवं देशप्रेम से ओतप्रोत नृत्यों से दर्शकों का मनमोह लिया। प्रसिद्ध कलाकार रवि सारस्वत ने अपने भजन व नृत्य से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। सतीश शर्मा ने भगवान परशुराम पर कविता प्रस्तुत की तथा अर्थ शर्मा ने "बम भोले बम..." गाया। इस अवसर पर अलीगढ़ के ब्यूरो प्रमुख प्रवीण कुमार सारस्वत, डॉ. कुलदीप सारस्वत, राकेश जैतली, रूप कुमार शर्मा, लुकेश बिहारी शर्मा, सुरेन्द्र कुमार जैतली, रवि सारस्वत, सतीश शर्मा, गोविंद कपूरिया, दिलीप शर्मा, कूमकुम जैतली, रेखा शर्मा, किरन जैतली, सोनाक्षी शर्मा, अनन्या शर्मा सहित सारस्वत समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रधान सम्पादक राकेश जैतली ने कुशलतापूर्वक मंच का संचालन किया तथा मंच पर सोनाक्षी शर्मा, अनन्या शर्मा, रवि सारस्वत ने सहयोगियों की भूमिका निभाई। अन्त में कार्यक्रम के संयोजक रूप कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों एवं सारस्वत समाज के नागरिकों को धन्यवाद दिया सुरुचिपूर्ण भोज के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सीबीएसई इंटर व हाईस्कूल परीक्षा में सेठ एम एस जयपुरिया के छात्रों का रहा दबदबा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सेठ एम एस जयपुरिया स्कूल के छात्रों का सीबीएसई इंटर व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में दबदबा रहा। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में हार्दिक निषाद 93% अंश पांडे 90% स्नेहा 88% अभिज्ञान श्रीवास्तव 86% समीर शरीफ ने 85% अंक प्राप्त कर अपने स्कूल के साथ–साथ माता–पिता का नाम रोशन किया वही इंटर कॉमर्स वर्ग में आदिति सिंह ने 93ः कौशल खत्री 90% आकाश कुमार राही 83ः महक अहूजा 78% तथा हनु केसरवानी ने 76% अंक लाकर अपने स्कूल के साथ–साथ परिजनों का नाम रोशन करने का काम किया है जबकि हाई स्कूल की परीक्षा में आशुतोष चौधरी ने 96% वेद हसानी 95% अनन्या दिक्षित 94% इशिका गुप्ता 92% तथा आदिति शर्मा ने 91% अंक प्राप्त कर जहां एक और अपने माता–पिता का नाम रोशन किया है वही अपने स्कूल के साथ–साथ जिले का भी नाम रोशन किया।

# एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) शुक्रवार को एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने शहर के आधा दर्जन पार्कों, स्कूल कालेजों के अलावा अन्य चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस कप्तान मुनिराज जी के दिशा निर्देश पर उन्होंने कोतवाली नगर के राजकीय बालिका इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज,बापू बालिका इंटर कालेज,गुलाबबाड़ी पर जाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया।इस टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने स्कूल/कालेजों के आस पास व सड़क पर बिना किसी कारण के बैठे व घूम रहे कम उम्र के लड़को व लड़कियों से पूछताछ करते हुए हिदायत दी गयी। इसके अलावा उन्होंने चौक, रिकाबगंज, फतेहगंज,नाका, शांति चौक सहित कई ऐसे चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया जहां पर इधर काफी दिनों से पुलिस के उच्चाधिकारियों को वहां पर अराजक तत्वों के सक्रिय होने की शिकायते मिल रही थी।जिसके चलते यह कदम उठाया गया।

# जिला महिला अस्पताल के गेट पर रोज लगता जाम

जालौन ब्यूरो : जिला अस्पताल के गेट के साथ आसपास अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। इसके साथ ही चालक आड़े–तिरछे ई–रिक्शे खड़े करते हैं। जगह न होने के चलते कई बार एंबुलेंस को भी बाहर ही मरीजों को उतरना पड़ता है। बिना रुके अस्पताल के अंदर पहुंचाना मुश्किल है। कई बार दुकानदारों से मरीजों की बहस तक हो जाती है। ट्रैफिक पुलिस भी बैठकर तमाशा देखती रहती है। मरीजों को लेकर आने वाली एंबुलेंस को भी अंदर पहुंचने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में गंभीर मरीजों को समय से उपचार मिलने में विलंब होता है। अस्पताल के बाहर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर गेट को घेर रखा है। जाम से निजात दिलाने की बजह ट्रैफिक पुलिस आस–पास बैठकर तमाशा देखती रहती है। ई–रिक्शा चालक अपनी मनमानी प्रणाली के चलते लोगो के लिए समस्या उत्पन्न कर रहे है। जिला महिला अस्पताल के गेट पर अपने रिक्शा खड़ा करके सवारी भरने का नियम नहीं बदल रहे है। जिसके चलते सुबह से ही जाम की स्थिति बनने लगती है। जो दोपहर के समय लोगो के लिए परेशानी का सबब बनती है। अस्पताल बाउंड्री से सटे स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था है। पार्किंग की जाली के बगल से ही पान,चाय की दुकानें सुबह से शाम तक लगी रहती है। अस्पताल खुलने के बाद मरीज आने का सिलसिला जैसे शुरू होता है। वैसे ही जाम लगना शुरू हो जाता है। मरीजों को लाने ले जाने वाले ई–रिक्शा गेट के पास ही खड़े होकर सवारियों का इंतजार करते रहते है। अगर एंबुलेंस आती है तो उसको भी जगह नहीं दी जाती है। जिसके मरीजों तीमारतदारों को जाम से जूझना पड़ता है। इसको लेकर सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने कहा प्रशासन की सहयोग से जल्द अभियान चलाकर अस्पताल के पास से अतिक्रमण हटवाया जायेगा।

# शादी का झांसा देकर किया युवती का शोषण : प्रधान गिरफ्तार

जालौन ब्यूरो : ग्राम प्रधान ने युवती को शादी को झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। युवती ने शादी की बात कही तो प्रधान ने जान से मारने की धमकी दी। देर रात को जब युवती घर में अकेली थी, तभी आरोपी उसके घर में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रधान को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी प्रधान के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की रहने वाली एक युवती का डेढ़ साल से ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी प्रेम प्रसंग के दौरान प्रधान ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने प्रधान से शादी करने की बात कही, लेकिन वह टाल–मटोल करता रहा। गुरुवार देर रात को प्रधान युवती को अकेला देखकर उसके घर जा पहुंचा। जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। युवती ने इसका विरोध किया और शादी की बात कही, तो प्रधान ने उसे जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पीड़िता ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने प्रधान को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी जब प्रधान के परिजनों को हुई, वह भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान पीड़िता द्वारा कोतवाली में प्रधान के खिलाफ शिकायत दी गई, साथ ही प्रधान से शादी का प्रस्ताव रखा गया, इसको संज्ञान में लेकर पुलिस ने प्रधान और पीड़िता के परिजनों को एक साथ बैठक शादी के लिए समझौता कराने का प्रयास किया, मगर प्रधान की ओर से आनाकानी की गई, जिस पर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मामला पंजीकृत करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए उरई महिला जिला अस्पताल भेजा। इस मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार राठौर का कहना है, कि पीड़िता की ओर से की गई दी गई शिकायत के आधार पर आरोपी प्रधान के खिलाफ दुष्कर्म की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करके उसे जेल भेज दिया गया है।

# नाबालिग को बालिग दिखाकर रचा लिया निकाह : बना एक बच्चे का बाप

बिजनौर ब्यूरो : बिजनौर के स्योहरा में फरेबी मोहब्बत को अंजाम देने की खातिर एक युवक तेलंगाना राज्य की निवासी नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर साथ ले आया। उसके कागजात में फर्जीवाड़ा कर बालिग दर्शा दिया। न्यायालय को गुमराह कर निकाह भी रचा लिया। भनक लगने पर पहुंचे परिजनों ने पूरी पोल खोली तो पुलिस



भी अवाक रह गई। एक वर्ष पूर्व तेलंगाना राज्य से एक नाबालिग लड़की को बहला–फुसला कर लाए युवक ने बालिग दर्शा कर कोर्ट मैरिज कर ली। तेलंगाना पुलिस ने स्योहारा पहुंचकर लड़की व आरोपी युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। शुक्रवार को तेलंगाना राज्य के जिला निजामाबाद थाना अरमुर पुलिस ने क्षेत्र के गांव नवादाकेशो पहुंच कर नाबालिग लड़की मदीहा पुत्री अब्दुल शकूर निवासी कस्बा अरमुर जिला निजामाबाद, तेलंगाना व आरोपी युवक यासीन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी ग्राम नवादाकेशो थाना स्योहारा को हिरासत में लिया। तेलंगाना पुलिस ने बताया कि यासीन तेलंगाना में मजदूरी करता था। एक वर्ष पूर्व यासीन 16 वर्षीय मदीहा को बहला–फुसला कर ले आया था। इस संबंध में यासीन के विरुद्ध थाना अरमुर जिला निजामाबाद तेलंगाना में अपहरण का मुकदमा दर्ज है। तेलंगाना पुलिस के अनुसार लड़की की जन्म तिथि स्कूल के कागज के अनुसार 11 जून 2016 है। आरोप है कि यासीन ने लड़की के आधार कार्ड में उम्र बढ़ा कर उसके साथ कोर्ट मैरिज भी कर ली। अब एक बच्चा भी गोद में है। तेलंगाना पुलिस के साथ लड़की की मां व भाई भी साथ में आया था। तेलंगाना पुलिस आरोपी युवक व युवती को अपने साथ ले गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने मामले की पुष्टि की है।

# विद्युत पोल के उपयोग के लिए लगेंगे 550 रुपये

जालौन ब्यूरो : बिजली विभाग के खंभों पर अब डिश केबल, विज्ञापन और टेलीफोन, ब्रॉडबैंड के केबल बांधने के लिए शुल्क देना होगा। खंभे पर केबल बांधने के लिए संचालक ( सर्विस प्रोवाइडर ) को प्रति वर्ष एक खंभे के अनुसार 550 रुपये शुल्क देना होगा। शुल्क न देने और मनमानी करते हुए अनधिकृत रूप से केबल खींचने पर एफआईआर कराने के आदेश दिए गए हैं। नियमों का पालन कराने के लिए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष की ओर से एमडी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम और जिले के अधिकारियों को इस संबंध में आदेश भेज तत्काल अमल कराने के निर्देश दिए गए है। आदेश आने के बाद बिजली विभाग के अधिकारी अभियान चलाकर दो दिन से खंभों से केबल हटवा रहे हैं। इससे कई सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। बता दें कि यूपीपीसीएल के अध्यक्ष देवराज की ओर से नगर पंचायत क्षेत्र में लगे बिजली के खंभों को बिना अनुमति के विज्ञापन, डिश केबल या प्राइवेट कंपनियों के टेलीफोन के तार बांधने के उपयोग में लिए जाने की किसी की ओर से शिकायत भेजी गई थी। जिस पर उन्होंने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आगरा के एमडी को पत्र लिखकर बिना अनुमति के बिजली पोलो पर बंधी केबल, विज्ञापन बोर्ड आदि को तत्काल हटाने के निर्देश दिए थे। प्रति खंभे के लिए देना होगा 550 का शुल्क बिजली विभाग की ओर से प्रति खंभा 550 उपयोग शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके लिए बिजली खंभे का उपयोग करने वालों को पहले विभागीय अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। उपयोग शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद आदेश मिलने पर संबंधित व्यक्ति अनुमति आधार पर निर्धारित किए गए बिजली खंभों पर डिश केबल,टेलीफोन तार, फ्लेक्सी या अन्य किसी प्राइवेट कंपनी के विज्ञापन के उपयोग में लाया जा सकता है। यही नहीं बिना अनुमति के बिजली खंभे का उपयोग होते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर भी हो सकती है। उपखंड अधिकारी राजेश पटेल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद बिजली खंभों पर बिना अनुमति के अनाधिकृत रूप से बंधे डिश और प्राइवेट टेलीफोन कंपनियों के तार और विज्ञापन संबंधी लगे बोर्ड आदि को हटवाने का काम गुरुवार शाम से शुरू करा दिया गया है। यदि किसी को अपने जरूरत के अनुसार बिजली खंभे पर केबल आदि बांधनी हो तो उसके लिए विभाग की शर्तों के अनुसार निर्धारित शुल्क जमा करें। इसके उपरांत उसे अनुमति दे दी जाएगी। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# फैक्टरी एरिया का कबाड़ तो नहीं सिपाही के हत्या की वजह

जालौन ब्यूरो : हाइवे चौकी पर तैनात सिपाही की हत्या के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती नहीं दिख रही है। पुलिस ने इस मामले में 50 से अधिक लोगों से पूछताछ की और कई को हिरासत में भी लिया है। इस मामले में एक कयास यह भी लगाया जा रहा है कि कहीं फैक्टरी एरिया से चोरी होने वाला कबाड़ तो सिपाही की हत्या की वजह नहीं बन गया है। हालांकि पुलिस दावा कर रही है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। शहर के फैक्टरी एरिया में कई प्रतिष्ठा बंद पड़े हैं। यहां पर कई बार कबाड़ चोरी की घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। इस क्षेत्र में कबाड़ चोरी करने के लिए चोर सक्रिय रहते हैं। पुलिस को मौके पर एक बोरी, चप्पल और गमछा मिला था। इस आधार पर पुलिस चौकी से चंद कदम दूर सिपाही भेदजीत की सनसनीखेज तरीके से की गई हत्या के आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। तीन दिन बीत गए अभी तक पुलिस की पकड़ से हत्यारोपी बदमाश दूर है। इस मामले में आधा सैकड़ा से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है जिसमें ज्यादातर लोग वो है जो कबाड़ी का काम करते हैं। घटना वाले दिन से ही कानपुर एसटीएफ भी उरई में है और लगातार हत्याकांड की जांच पड़ताल में अपनी निगरानी रखे हैं पर इसके बावजूद किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है। वहीं सिपाही की हत्या के बाद मौके से मिले गमछे व चप्पल के सहारे पुलिस हत्यारोपियों तक पहुंचने की मशक्कत कर रही है जिसके लिए इन दोनों चीजों को झांसी फॉरेंसिक लैब भेजा गया था कि हत्यारोपीयों का कुछ सुराग मिल सके। ताकि हत्याकांड की सारी कमियों को जोड़ कर मुख्य आरोपियों को पकड़ा जा सके।

# जाहिद कुरैशी का बागपत की राजनीति में शानदार आगाज



बागपत पत्रकार विवेक जैन : बागपत के जाने–माने समाजसेवी और साम्प्रदायिक सौहार्द की अनुपम मिसाल जाहिद कुरैशी की चुनाव लड़ने की शैली ने हर किसी का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। बागपत नगर पालिका परिषद के चुनाव में उनके द्वारा किये गये शानदार प्रदर्शन ने बागपत के लोगों का दिल जीत लिया। शानदार व्यक्तित्व व मधुर व्यवहार के धनी जाहिद कुरैशी ने बागपत की जनता की समस्याओं को देखते हुए अन्तिम समय में चुनाव लड़ने का फैसला किया और देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कांग्रेस पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ा। जाहिद कुरैशी भले ही चुनाव नही जीत सके, लेकिन वह नगर पालिका परिषद चुनाव में बागपत के लोगों की मूलभूत समस्या को मजबूत तरीके से उठाने में सफल रहे। युवा समाज सेवी साजिद कुरैशी उर्फ सोनू ने कहा कि हार या जीत तो होती ही रहती है मायने यह रखता है कि आपने चुनाव कैसा लड़ा और आपने कितनी कोशिश की। बताया कि जाहिद कुरैशी का चुनाव लड़ने का तरीका और कोशिश दोनो शानदार रही। साजिद कुरैशी ने कहा कि कोशिश आखिरी सांस तक करनी चाहिए, मंजिल मिले या तजुर्बा दोनों ही चीजें नायाब है। जाहिद भाई अगर चुनाव लड़ने का पहले से मन बना लेते तो चुनाव परिणाम हमारे पक्ष में होता। जाहिद कुरैशी ने कहा कि शहसवार ही गिरते है मैदान–ए–जंग में, वे तिफ्ल क्या गिरेंगे जो घुटनों के बल चलें। उन्होंने कहा कि वह हर सुख–दुख में बागपत की जनता के साथ है। किसने उनका साथ नही दिया, इससे कोई फर्क नही पड़ता। बागपत के लोग उनके परिवार का हिस्सा है। वह ऊँच–नीच, जात–पात जैसी कुरीतियों से कौसो दूर है। बताया कि उनको अपने धर्म से तालीम मिली है कि इंसानियत को प्राथमिकता दे और जरूरतमंदों की सहायता करे। वह इसी दिशा में आगे बढ़ रहे है। कहा कि वह बागपत की जनता के हितों के लिए निस्वार्थ भाव से हमेशा कार्य करते रहेंगे।

# आगरा–कानपुर इंटरसिटी के नीचे ट्रैक पार करते समय आई महिला : मौत

कानपुर ब्यूरो : कानपुर देहात के रुरा कस्बा में रेलवे के पश्चिमी केबिन के पास एक महिला आगरा–कानपुर इंटरसिटी की चपेट में आ गई। महिला के करीब सवा घंटे तक ट्रेन के नीचे फंसी रही। जानकारी के अनुसार, रेलवे लाइन पार करने के समय हादसा हुआ। सूचना पर पहुंचे आरपीएफ कर्मियों ने पुलिस और राहगीरों की मदद से ट्रेन को आगे–पीछे कराकर किसी तरह महिला को ट्रेन के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान डाउन लाइन पर ट्रेन खड़ी रही। रुरा संवाद के मुताबिक क्षेत्र के ललपुरवा बनीपारा में रहने वाली पान कुंवारी (55) सोमवार को धनीरामपुर गांव रिश्तेदार पांडे नायक के घर आई थीं। शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे सिंकदरा के खिरवां गांव अपनी बेटी रानी के घर जाने के लिए निकलीं थी। रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय हुआ हादसा सुबह करीब दस बजे पान कुंवारी रुरा स्टेशन के पश्चिमी केबिन के पास पहुंची। उस वक्त आगरा से कानपुर की तरफ आ रही इंटरसिटी के चलते क्रॉसिंग का फाटक बंद था। इसके चलते फाटक के निकलकर पान कुंवारी रेलवे लाइन पार कर रही थी। सवा घंटे तक ट्रेन के नीचे फंसी रही तभी डाउन लाइन पर आई इंटरसिटी की चपेट में आ गईं और ट्रेन के नीचे फंस गई। राहगीरों के शोर मचाने पर पायलट ने ट्रेन रोक दी। सूचना पर पहुंचे आरपीएफ कर्मियों ने क्रासिंग के पास ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों व राहगीरों की मदद से पान कुंवारी को बाहर निकलवाया। बेटे ने हुकुम सिंह ने की शिनाख्त इसके बाद उसे एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे हुकुम सिंह ने शव की पहचान मां पान कुंवारी के रूप में की। रूरा स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार महिला के करीब सवा घंटे तक आगरा इंटरसिटी डाउन लाइन पर खड़ी रही। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।